53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.0°c | अधिकतम 21.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:06 सूर्यास्त-6:00 | वर्ष : 53/ अंक : 35 | बुधवार, 05 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

दुनिया के चार स्थान कभी नहीं भरते .. समुद्र, श्मशान, तृष्णा का गड्ढा और मन।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राष्ट्रहित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं राहुल गांधी : राजनाथ सिंह



बात का वज्न गिरता जाता है... आदमी यूँ भटकता जाता है....

# 18 फरवरी तक प्रशासन ने कुछ नहीं किया तो इस्लामिया इण्टर कॉलेज का अतिक्रमण स्वयं हटा देंगे हिन्दू संगठन

**मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)।** मेरठ रोड स्थित बाग प्यारेलाल की ओर जा रहे रास्ते पर इस्लामिया इण्टर कॉलेज की प्रबंध समिति द्वारा कब्जाए गए रास्ते का निराकरण आसानी से होने वाला नहीं दिख रहा है। इसी के चलते मंगलवार को आर्य समाज रोड स्थित, आर्य समाज मंदिर में प्रधान हरिओम त्यागी व संचालक संयुक्त हिन्दू मोर्चा के तत्वावधान में हिन्दू संगठनों की एक बैठक आयोजित की गयी, जहां बैठक करते हुए हिन्दू संगठनों ने प्रशासन से तंग आकर खुली चेतावनी दी कि यदि 18 फरवरी तक प्रशासन ने इस मामले में अवैध अतिक्रमण को नहीं हटवाया तो हिन्दू संगठन बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर इस अतिक्रमण को खुद ही साफ कर देंगे।

उसके बाद यदि कोई साम्प्रदायिक बवाल हुआ तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं इस्लामिया इण्टर कॉलेज प्रबंधन व प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। तीखे स्वरों में हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रशासन सिर्फ हिन्दुओं को बेवकूफ बनाने के लिए है, अपनी ही सरकार में उन्हें रास्ता मांगते हुए दस दरवाजों पर गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। उन्होंने नेताओं को कोसते हुए कहा कि जिन नेताओं को हमने वोट दिये हैं, सबसे पहले उनसे जवाब लेना चाहिए कि हमें अपने ही शासन में दर दर की ठोकरें किसलिए खानी पड़ रही हैं। हिन्दू संगठन अपने दम पर इस रास्ते को खुलवा सकता है मगर अलग- अलग माध्यमों से जब हम हिन्दूवादी नेता को कुर्सी पर बैठा सकते हैं तो उनसे यह सवाल क्यों नहीं किया जा सकता? बैठक में आज हिन्दू मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सैनी, राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा, भाजपा नेता सचिन सिंघल, हिन्दू शक्ति संगठन के डॉ. योगेन्द्र शर्मा, मुकेश आर्य प्रधान, जिला मंत्री आर्य समाज शहर सतीश कुकरेजा, एडवोकेट शलभ गुप्ता, जितेन्द्र तेवतिया, बिट्टू सिखेड़ा जिलाध्यक्ष शिवसेना, लोकेश सैनी मण्डल अध्यक्ष, शालू सैनी, विरेन्द्र त्यागी, अनुराग माहेश्वरी, ललित माहेश्वरी बजरंग दल, पंकज भारद्वाज, नीशू गौ सेवक, सरदार सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

**हिन्दू संगठन बोले - अपने ही शासन में अपने ही रास्तों के लिए खानी पड़ रही दर-दर की ठोकरें**

### नाराज होकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल के पास पहुंचे हिन्दू संगठन, नगर मजिस्ट्रेट की खुलकर की शिकायत

**मुजफ्फरनगर।** आर्य समाज मंदिर से अपनी योजना बनाकर प्रशासन को 18 फरवरी तक की चेतावनी देने के बाद उक्त हिन्दू संगठन के लोग मंत्री कपिल देव अग्रवाल के पास पहुंचे और प्रशासन द्वारा की जा रही धींगामुश्ती की पूरी जानकारी मंत्री को दी। उन्होंने मंत्री कपिल देव अग्रवाल को कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि उन्हीं के शासन में उन्हीं का उत्पीड़न हो रहा है और अधिकारी सिर्फ औपचारिकता पूरी करते दिख रहे हैं। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप की शिकायत करते हुए कहा कि सरकारी गली के कागज भी नगर मजिस्ट्रेट आमजन से मांग रहे हैं। इससे ज्यादा दुख की बात और क्या हो सकती है कि हिन्दूवादी सरकारों में भी हिन्दू रास्तों पर अपना जायज कब्जा लेने के लिए अधिकारी आमजन को कागज लाने का पाठ पढ़ा रहे हैं। बाग प्यारेलाल का बच्चा बच्चा जानता है कि ये रास्ता सरकारी है, उसके बावजूद भी मौहल्ले वालों को अधिकारियों की चौखट पर गिड़ड़िना पड़ रहा है। इससे शर्मनाक बात शायद ही कोई हो।





### हिन्दू संगठन बोले सिर्फ मीठी गोली देने का काम करते हैं सिटी मजिस्ट्रेट

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू संगठनों की भड़ास आज नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप पर निकलती तब दिखाई दी जब उन्होंने हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों से यह कहा कि जिस गली पर वे अतिक्रमण बता रहे हैं, उसके कागज भी हिन्दू संगठन लाकर दें। हिन्दू संगठनों का कहना था कि जमीन सरकार की और कागज लाकर देगी आम जनता। इससे बड़ा मखौल हिन्दू संगठनों के साथ और हो क्या सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले पन्द्रह दिनों से नगर मजिस्ट्रेट सिर्फ मीठी गोली देने का काम कर रहे हैं। अभी तक इस मामले में कोई निर्णायक कदम प्रशासन द्वारा नहीं उठाया गया। नाराज हिन्दू संगठन तीखे स्वरों में प्रशासनिक अधिकारियों को कोसते दिखाई दिये।



## दो सड़क दुर्घटनाओं में एम्बुलेंस सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त, एक गम्भीर

**चरथावल, 04 फरवरी (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम बिरालसी में दो अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक बाइक सवार की हालत गम्भीर होने के चलते जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम बिरालसी में रोनी हरजीपुर बस स्टैंड पर कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार लाखन पुत्र सुभाष निवासी देवबन्द घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरा हादसा बिरालसी पुलिस चौकी पर हुआ, जहां थानाभवन व लालूखेड़ी की ओर से आ रही दो बाइकों के बीच भिंड़त हो गई। वहीं मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही एक एम्बुलेंस भी दोनों कारों में टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं गनीमत रही कि सभी वाहन चालक सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों वाहनों को मुख्य मार्ग से हटवाया।









## दुखद हादसा : ग्यारह हजार की लाइन की चपेट में आकर धूं-धूं कर जिंदा जल गया पेट्रोल पम्पकर्मी

**मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के सिसौना स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पम्पकर्मी की दुखद मौत हो गयी। छपार थाना क्षेत्र के गांव परई का रहने वाला 28 वर्षीय दीपक पुत्र ब्रह्मप्रकाश व पंकज पुत्र श्रीचंद सिसौना स्थित पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन का कार्य करते हैं। मंगलवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे दोनों सेल्समैन लगभग 15-20 फुट ऊंची संधली पेट्रोल पम्प पर कुछ कार्य करने के लिए ला रहे थे। तभी उक्त संधली ऊपर जा रही 11 जा रही की लाइन में टकरा गयी। संधली लोहे की होने के कारण दोनों कर्मी 11 हजार लाइन के करंट की चपेट में आ गए, जहां दीपक पुत्र ब्रह्मकुमार की मौके पर ही धूं-धूं कर जलने के बाद मौत हो गयी। वहीं पंकज भी गंभीर रूप से झुलस गया। पंकज के साथ साथ अन्य दो कर्मी भी झुलसे हुए बताए गए हैं। जिसे पुलिस को सूचना के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया। जबकि पंकज के जले शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। इस दुखद दृश्य को देखकर वहां मौजूद सभी लोग सहम गए, क्योंकि जिस समय पंकज धूं-धूं कर जल रहा था, तब चाहकर भी कुछ लोग उसे बचाने के लिए उसके करीब न जा सके। दूर खड़े रहकर सबको भरे मन से यह हादसा इसलिए देखना पड़ा, क्योंकि ऊपर से 11 हजार की लाइन संधली को पूरे करंट की चपेट में ला चुकी थी। इस दुखद हादसे की वीडियो जिसने भी देखी, उसने ईश्वर से मृतक की आत्मशांति के लिए दुआएं की।







### पेट्रोल पम्प मालिक पर लगाए गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** ग्यारह हजारी विद्युत लाइन की चपेट में आने के बाद जलकर हुई दीपक की मौत पर परिजनों ने झम्बेश्वर फिलिंग सैंटर के मालिक पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि एक बार भी मालिकों ने कोई आर्थिक मदद का आश्वासन देना तो दूर सहानुभूति तक नहीं दिखाई। घायलों का हालचाल तक जानने के लिए कोई समाचार लिखे जाने तक अस्पताल नहीं पहुंचा था।

### गाड़ी में टक्कर मारने को लेकर कैंची से हमला

**मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के कमेला निवासी मंसाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की शाम उसका बेटा अपने पुत्र बिलाल मुगल गार्डन बारात घर के पास कार में बैठा कोल्ड ड्रिंक पी रहा था, तभी बाइक सवार युवकों ने उनकी कार में टक्कर मार दी। कार में टक्कर मारने के बाद जुनैद ने जब कार में टक्कर मारने का विरोध किया तो बाइक सवारों ने जुनैद के सिर पर कैंची से हमला कर दिया। हमले का शोर सुनने के बाद हमला आरोपी वहां से भाग गए। गंभीर अवस्था में जुनैद को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। पीड़ित के अनुसार हमलारोपी जुनैद का पर्स भी लेकर फरार हो गए, जिसमें पच्चीस सौ रुपये थे। थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने कैंची की घटना से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि पहले जुनैद व उसके दोस्तों की ओर से बाइक सवारों की पिटाई की गयी। शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## चंडीगढ़ गए परिवार के घर नकदी व ढाई लाख के सामान की चोरी

**मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)।** थाना नई मण्डी क्षेत्र के कूकड़ा में रविदास मंदिर के पीछे रहने वाले मांगेराम पुत्र जय सिंह के घर लाखों की चोरी हो गयी। कूकड़ा में रविदास मंदिर के पीछे रहने वाले मांगेराम देवबंद के पास नागल में मजदूरी करते हैं तथा उनकी पत्नी पुष्पा देवी गांव निजामपुर में शिक्षामित्र हैं। मांगेराम का परिवार कैंसर की दवाई लेने के लिए चंडीगढ़ गया हुआ था। परिवार जब चंडीगढ़ से वापस लौटा तो घर का पूरा सामान बिखरा हुआ मिला। जब उन्होंने घर की अलमारियां देखी तो अलमारी चोरों के द्वारा पूरी तरह से खंगाली गयी थी। परिवार के अनुसार अलमारी से एक तोले सोने की चेन, सोने का टिक्का, सोने की दो अंगूठी, चांदी की पायल, चांदी के बिछुए तथा चांदी के पांच सिक्कों सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया था। पीड़िता पुष्पा के मुताबिक बीस हजार रुपये की नकदी समेत कुल ढाई लाख रुपये का सामान चोरी होना बताया गया है। पुलिस को इस मामले में जानकारी दे दी गयी है। पुलिस ने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि वे प्रयास कर चोरी का खुलासा जल्द ही करेंगे।





## दिल्ली चुनाव के लिए मुजफ्फरनगर में आज रहेगा अवकाश

### एनसीआर क्षेत्र के आठ जिलों में सरकार ने बुधवार को घोषित किया सवेतनिक अवकाश

**लखनऊ, 04 फरवरी (एजेंसी)।** बुधवार को दिल्ली विधानसभा के लिए वोटिंग की धूम रहेगी। इस चुनाव में सभी मतदाताओं को वोट डालने का अवसर प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने मुजफ्फरनगर जनपद सहित एनसीआर के आठ जिलों में अवकाश घोषित कर दिया है। इन जिलों में निवास कर रहे मतदाता कर्मचारियों के लिए सरकार ने सवेतनिक अवकाश दिया है और वोट डालने का भरपूर अवसर प्रदान किया है। इसके लिए अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन की ओर से आदेश जारी किया गया है। शासन ने पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ जिलों के मतदाता कर्मचारियों के लिए बुधवार को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेन्द्र कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद की भांति पास के जिलों बागपत, बुलंदशहर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, शामली तथा मेरठ में कार्यरत मतदाताओं को भी सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। उन्होंने इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यह आदेश सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट कर्मचारियों पर भी लागू होगा। दूसरी ओर अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर अयोध्या जनपद में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। अयोध्या के जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि पांच फरवरी को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जिले के कोषागार व उप कोषागार भी बंद रहेंगे। जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार को कचहरी में भी अवकाश घोषित किया गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि आवासीय परिसर के साथ जिले के संबद्ध कॉलेजों में अवकाश रहेगा।

### मिलावटी भोजन करने से 181 बाराती बीमार

**बुलंदशहर 4 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में मिलावटी पनीर से युक्त भोजन करने से 181 बाराती बीमार हो गये। सभी की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुये चिकित्सकों की टीम ने क्षेत्र के रामगढ़ी गांव में डेरा डाल दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी बारातियों का इलाज कर रहे हैं जिनमें कई की हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया है जबकि 21 का इलाज अस्पताल में चल रहा है वहीं चार मरीजों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंजू अग्रवाल ने बताया कि जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव रामगढ़ी से सोमवार शाम आठ बजे एक बारात तहसील स्याना क्षेत्र के गांव सांची रसूलपुर के लिए रवाना हुई थी। सभी रस्में एवं भोजन करने के बाद बारात दुल्हन लेकर रात में ही गांव लौट आई। थोड़ी देर बाद बारातियों को उल्टियां तथा दस्त शुरू हो गए।

## बहू की हत्या के आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार, फंदे से लटकी मिली थी विवाहिता

**चरथावल, 04 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम कुटेसरा से पुलिस ने विवाहिता की दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में पति और सास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए मां-बेटे को जेल भेज दिया है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की है। मुजफ्फरनगर के ग्राम ककरौली निवासी जाबिर ने थाना चरथावल में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसकी पुत्री आरजू की शादी सलमान पुत्र निसार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सलमान और उसकी मां सुक्की बेटी आरजू को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे, जब परिवार द्वारा दहेज की मांग पूरी नहीं की गई, तो पहली फरवरी 2025 की रात को आरजू की हत्या कर दी गई। मंगलवार को चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार, हेड कांस्टेबल सोनू सिरोही, अजीत सिंह आदि ने दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में पति सलमान और उसकी मां सुक्की को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आपको बता दें कि आरजू की डेड बॉडी घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ही शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, जिसके बाद पुलिस ने मृतका की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।








### आज महाकुंभ मे संगम में स्नान करने आएंगे पीएम मोदी, सीएम करेंगे स्वागत

**नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)।** पांच फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ पहुंचेंगे। पीएम मोदी यहां संगम में स्नान करेंगे। पीएम मोदी के प्रोटोकॉल में मुताबिक वह प्रयागराज में एक घंटे रुकेंगे। महाकुम्भ में गंगा स्नान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को प्रयागराज आएंगे। गंगा स्नान और पूजन कर वह वापस चले जाएंगे। पूर्व में पीएम का पांच घंटे का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया था। सोमवार को उनके कार्यक्रम को लेकर पुर्वाभ्यास किया गया। पीएम मोदी सुबह लगभग 10 बजे प्रयागराज आएंगे। बमरौली एयरपोर्ट से वह डीपीएस हेलीपैड पर उतरेंगे। वहां से निषादराज क्रूज से संगम पर बनी वीआईपी जेटी पर पहुंचेंगे। यहां तकरीबन एक घंटे रहेंगे। इस दौरान स्नान और पूजन करेंगे। फिर क्रूज से अरैल और अरैल से फिर एयरपोर्ट जाएंगे।

## फतेहपुर में दो मालगाड़ियों में टक्कर

**फतेहपुर 4 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के खागा रेलवे स्टेशन के निकट मंगलवार को दो मालगाड़ियों की भिड़ंत एक ट्रेन का इंजन और एक कोच बेपटरी हो गया। हालांकि इस हादसे से हावड़ा दिल्ली रेलमार्ग पर यात्री गाड़ियों के परिचालन में कोई फर्क नहीं पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेलवे लाइन पर दो माल गाड़ियों की हुई टक्कर से पूरा ट्रैक जाम हो गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इंजन और गार्ड का डिब्बा पटरी से उतर गया। जिस ट्रैक पर हादसा हुआ है उस पर केवल मालगाड़ियां ही चलती हैं। हादसे में दोनों माल गाड़ियों के लोको पायलट घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसे के बाद रेलवे व सुरक्षा के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया की ओर से बनाए गए ट्रैक पर सुबह एक मालगाड़ी खड़ी थी। सिग्नल रेड था कि इस दौरान कानपुर-फतेहपुर के बीच खागा के पास पंभीपुर केमें पीछे से तेजी से आकर दूसरी मालगाड़ी ने टक्कर मारी दी। टक्कर इतनी तेज थी कि खड़ी मालगाड़ी का इंजन और गार्ड का डिब्बा में पटरी गिरकर रेलवे के किनारे पहुंच गए। इस हादसे के बाद पैसेंजर ट्रेनों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि यह कॉरिडोर सिर्फ गुड्स ट्रेनों के लिए ही है। मौके पर राहत एवं बचाव का कार्य युद्धस्तर पर किया गया।



## महाकुंभ भगदड़ पर इतनी बड़ी घटना नहीं थी, बढ़ा-चढ़ाकर दिखायाः हेमा मालिनी

**नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी ने महाकुंभ को एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कुंभ में मची भगदड़ की घटना इतनी बड़ी नहीं थी जितना इसे दिखाया बढ़ा चढ़ाकर दिखाया गया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का प्रबंधन बहुत अच्छी तरह से किया जा रहा है। बता दें कि 29 जनवरी मौनी अवमस्या के दिन महाकुंभ में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 लोग घायल हुए थे। हेमा मालिनी ने कहा कि हम कुंभ गए थे, हमने अच्छे से स्नान किया। हर तरफ अच्छा प्रबंधन था। हां कुछ वहां भगदड़ मची लेकिन इतना कुछ बड़ा नहीं हुआ था। इसे बढ़ा चढ़ाकर बताया गया। वहां बहुत सारे लोग आ रहे हैं। इतनी भीड़ को नियंत्रित करना कठिन होता है लेकिन हम अच्छे से मैनेज कर रहे हैं। बता दें कि भगदड़ के दिन ही हेमा मालिनी ने भी संगम में डुबकी लगाई थी। हेमा मालिनी से जब पूछा गया कि विपक्ष का कहना है कि इस भगदड़ में अधिक लोगों की मौत हुई है तो इस पर उन्होंने जवाब दिया कि वो कुछ भी कहें जो कहते हैं। गलत बात करना उनका काम है। वहां सबकुछ सही है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी भी जा रहे हैं स्नान करने। महाकुंभ में भगदड़ की घटना मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में गूंजी। समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार भगदड़ में मरने वालों की संख्या छिपा रही है और मेले के आयोजन में "कुप्रबंधन" को छिपाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।



## नोएडा में काम करने वाले दिल्ली के वोटरों को मिलेगी पेड लीव

**ग्रेटर नोएडा, 04 फरवरी (एजेंसी)।** गौतमबुद्ध नगर जिले में सेवारत दिल्ली के मतदाताओं का बुधवार यानी पांच फरवरी को सवेतन अवकाश मिलेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अनुमति पत्र जारी किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना। मतदान के चलते दिल्ली के जो मतदाता जिले में कार्यरत हैं, वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र को मजबूत करने में सहभागिता निभाएं। बताया जनपद में विभिन्न कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक या अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों और कर्मियों का सवेतन अवकाश रहेगा। बताया आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को एक आदेश जारी कर पांच फरवरी बुधवार को मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सरकारी महकमों, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों सहित तमाम दफ्तरों में कर्मचारियों की छुट्टी रहेगी। ताकि कर्मचारी मतदान कर सकें। दिल्ली के मतदान केंद्रों पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा में ईवीएम पहुंच रही है। पूर्वी दिल्ली के आईटीआई नंद नगरी व खेलगांव में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। ईवीएम वितरण केंद्रों पर भीड़ को नियंत्रण करने के लिए निर्वाचन कार्यालय ने प्लान बनाया है। तीन चरणों में ईवीएम बांटी जाएंगी। तीनों चरणों में एक से दो घंटे का अंतराल रहेगा। बसों के जरिये ईवीएम मतदान केंद्रों पर जाएंगी। जाम न लगे इसके लिए दिल्ली यातायात पुलिस ईवीएम केंद्रों के पास मोर्चा संभालेगी। पूर्वी जिला निर्वाचन अधिकारी अमोल श्रीवास्तव ने बताया कि छह विधानसभा क्षेत्र में 186 मतदान केंद्र व 1020 पोलिंग स्टेशन हैं। मंगलवार सुबह से ईवीएम का वितरण शुरू हो गया। वितरण में काफी भीड़ हो जाती है।

## कनाडा में पंजाबी सिंगर प्रेम ढिल्लों पर फायरिंग, इस गैंगस्टर ने ली जिम्मेदारी

**जालंधर, 04 फरवरी (एजेंसी)।** कनाडा में एक और पंजाबी सिंगर के घर पर फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई है। गिप्पी ग्रेवाल, एपी ढिल्लों के बाद अब पंजाबी गायक प्रेम ढिल्लों की टोरंटो स्थित कोठी पर फायरिंग की गई है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में जयपाल भुल्लर गैंग पर शक जताया जा रहा था। हालांकि इस फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर जेंटा खरड़ ने ली है, जो ऑस्ट्रेलिया में मौजूद खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला का करीबी बताया जा रहा है। जेंटा खरड़ ने इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पंजाबी में एक पोस्ट जारी किया है, जिसमें उसने प्रेम ढिल्लों को आखिरी चेतावनी देने की बात कही है। पोस्ट में दावा किया गया कि प्रेम ढिल्लों ने सिद्धू मूसेवाला के साथ पहले काम किया, फिर उनके दुश्मनों के साथ मिल गए। इस पोस्ट में मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला और गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का भी जिक्र किया गया है। इसमें दावा किया गया कि प्रेम ढिल्लों पहले मूसेवाला के करीबी थे, लेकिन बाद में उन्होंने उनके विरोधियों का साथ दे दिया। मैंने कई बार इसे टालने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रेम ढिल्लों को सिद्धू मूसेवाला के साथ गाने पर साइन किया गया था। बाद में उन्होंने मूसेवाला के विरोधियों के साथ मिलकर कॉन्ट्रैक्ट तोड़ दिया। मूसेवाला की मौत का मजाक उड़ाकर सहानुभूति के लिए गाना बनाया।

## विदेश नीति को लेकर पीएम मोदी का राहुल गांधी पर पलटवार

**नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विदेश नीति पर ऐसे ही बात कर देते हैं, ताकि वे परिपक्व दिखें, भले ही उन्हें इसके बारे में ज्यादा जानकारी न हो। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुझाव दिया कि वह 'जेएफके फोर्गोटेन क्राइसिस: तिब्बत', 'द सीआईए एंड द सिनो-इंडियन वॉर' किताबों को पढ़ें। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी तब की है, जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में विदेश नीति पर बात की। मोदी ने कहा, कुछ लोग विदेश नीति पर ऐसे ही बोल देते हैं, चाहे उन्हें इसके बारे में गहरी जानकारी न हो और चाहे इससे देश को कुछ भी नुकसान हो। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि (देश के पहले प्रधानमंत्री) जवाहर लाल नेहरू के समय विदेश नीति के नाम पर एक तरह का खेल हुआ था।

## वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल हुए वरुण चक्रवर्ती

**नागपुर, 04 फरवरी (एजेंसी)।** स्टार लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसका एलान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को किया। वरुण ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज में 9।85 के औसत से 14 विकेट हासिल किए और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे।



उनके इस घातक प्रदर्शन का अब उन्हें इनाम मिला है। इंग्लैंड पर टी20 सीरीज में 4-1 से जीत दर्ज करने क बाद अब भारतीय टीम की नजर तीन मैचों की वनडे सीरीज पर है। पहला मुकाबला नागपुर में छह जनवरी को खेला जाएगा। इस मैच के लिए रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पहुंच चुकी है। मंगलवार को भारतीय खिलाड़ियों ने अभ्यास किया, इस दौरान वरुण चक्रवर्ती को नेट्स पर गेंदबाजी करते देखा गया।

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा फैसला, अमेरिका से 205 भारतीयों को किया गया डिपोर्ट

**अमृतसर, 04 फरवरी (एजेंसी)।** यूनाइटेड स्टेट अमेरिका (यूएस) में राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अवैध तरीके से रह रहे लोगों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी के तहत अमेरिका से डिपोर्ट होकर आ रहे 205 भारतीय लोगों का विमान बुधवार सुबह श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट अमृतसर पर लैंड करेगा। इस संबंधी जिला प्रशासन की ओर से इन सभी भारतीय को डिटेन किया जाएगा। एयरपोर्ट पर इनके दस्तावेज की जांच करने के बाद इन सभी को इनके घरों की तरफ रवाना कर दिया जाएगा। जानकारी मुताबिक अमेरिका आर्मी का एक जहाज सी-17 ने मंगलवार को अमेरिका के सैन एंटोनियो से अमृतसर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर चुका है। इसमें कुल 205 भारतीय लोग सवार है। इन्हें अभी कुछ दिन पहले ही अमेरिका की पुलिस की ओर से गिरफ्तार किया गया था। भारतीय समय के मुताबिक यह जहाज बुधवार सुबह करीब नौ बजे एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। इसके बाद सभी लोगों की इमीग्रेशन जांच होगी। इसके साथ ही यह भी संदेह है कि बहुत सारे ऐसे भी लोग हो सकते है, जिनके खिलाफ पंजाब के विभिन्न शहरों में अपराधिक केस दर्ज हैं।

# शामली में बसपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शामली , 04 फरवरी (एजेंसी)।** जनपद के बसपा नेता और पूर्व प्रधान के पुत्र का शव मंगलवार को सुबह नेशनल हाईवे के पास स्थित एक बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। इसके बाद मौके पर पुलिस ने शव की तलाशी ली तो एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें मृतक ने अपने पिता के लिए गुस्सा जाहिर किया था। कहा जा रहा है कि पिता और बाबा से कहासुनी के बाद मृतक अचानक ही घर से लापता हो गया था। मृतक के परिवार में शादी की खुशियां बनी हुई थी, जो उसकी मौत के कारण मातम में बदल गई। कांधला थाना क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे 709 बी मार्ग नानूपुरी गेट के सामने पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। मंगलवार सुबह क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग 709 बी गांव नानू पुरी के निकट शामली की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बाग में युवक का शव लटका मिला। मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर बुला लिया। मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ दर्जनों लोगों के भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटना स्थल पर बारीकी से जांच पड़ताल की। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त गांव किवाना निवासी पूर्व प्रधान नंदू के बेटे सुनील उर्फ सोनू (25) के रूप में की। पुलिस ने सूचना देकर मृतक युवक के परिजनों को भी मौके पर बुला लिया। परिजनों ने बताया कि सोनू बीती रात से लापता था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर में 12 फरवरी को बहन की शादी होनी है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, पांच गिरफ्तार

**शाहपुर, 04 फरवरी (बु.)।** शाहपुर व भोपा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ बदमाशों से हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक घायल बदमाश सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक बाइक के अलावा तीन तमंचे सहित चोरी किए गए सोने चांदी के जेवरात बरामद किए गए है। शाहपुर व भोपा पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश गांव मंदहेड़ा के रजबाहे की पटरी के पास स्थित जंगल में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी की। घेराबंदी को देखते हुए बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया। सूचना पर एसपी देहात आदित्य बंसल व सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे। एसपी देहात ने बताया कि घायल बदमाश रिंकू पुत्र चमन सिंह निवासी गांव निहोरी थाना फलावदा मेरठ है। इसके अलावा गिरफ्तार बदमाशों में उसका भतीजा आदित्य के अलावा पंकज पुत्र जयवीर निवासी मुतेसरा थाना बाबूगढ़ हापुड, वंश निवासी महलका थाना फलावदा मेरठ व शिवम उर्फ टीटी निवासी निहोरी थाना फलावदा जनपद मेरठ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक बाइक के अलावा तीन तमंचे, खोका व जिंदा कारतूस बरामद करने के साथ दो बैग बरामद किए गए हैं, जिसमे से नशे के इंजेक्शन, ग्लब्ज, मास्क व प्लास्टिक की रस्सी आदि के अलावा सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश ने कस्बे के मौहल्ला कस्सावान, गांव निरमाना में एक सर्राफ की दुकान में चोरी करने के अलावा गांव हरसोली निवासी एक



बुजुर्ग से लूट की घटना को अंजाम देने के साथ घायल कर दिया था। बाद में घायल बुजुर्ग की मौत हो गई थी। इसके अलावा बदमाशों ने भोपा में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

## चुनाव आयोग बोला- दिल्ली में वोटिंग से पहले माहौल खराब करने की कोशिश

**नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव से करीब 16 घंटे पहले चुनाव आयोग ने एक्स पर एक पोस्ट डाली है। इस पोस्ट में चुनाव आयोग की ओर से कहा गया कि दिल्ली में माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि आम आदमी पार्टी द्वारा बार-बार चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों के बीच आयोग ने मंगलवार को एक्स पर एक सार्वजनिक पोस्ट किया है। वहीं, चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा यह तीन सदस्यीय निकाय है, जिसने सामूहिक रूप से चुनाव आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव डालने की रणनीति बनाई है। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया कि ऐसी धारणा बनाई जा रही है कि चुनाव आयोग एकल सदस्यीय निकाय है। चुनाव आयोग ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर 1।5 लाख से अधिक अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कहा गया कि ये अधिकारी पूरी निष्पक्षता के साथ अपना काम कर रहे हैं। उधर, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व अन्य आप के वरिष्ठ नेताओं द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि चुनाव आयोग भाजपा कार्यकताओं पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। कहा गया कि भाजपा नेताओं द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग कार्रवाई नहीं कर रहा है। बता दें कि दिल्ली में पांच फरवरी को वोटिंग होगी, जबकि आठ फरवरी को दिल्ली चुनाव का परिणाम आएगा। वहीं, चुनाव को लेकर दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं। बताया गया कि दिल्ली में चुनाव के दौरान करीब 42 हजार जवान तैनात रहेंगे।

## प्रणब मुखर्जी के बगल में बनेगा मनमोहन सिंह का स्मारक

**नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के निर्माण के लिए राजघाट परिसर में उनके परिवार को जमीन देने की पेशकश की है। दिसंबर में पूर्व पीएम का निधन हुआ था, जिसके बाद सरकार ने स्मारक बनाने का एलान किया था। सरकारी सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया कि सरकार ने जो जगह दी है वो भूखंड पूर्व कांग्रेस नेता प्रणब मुखर्जी के स्मारक के बगल में है, जो पूर्व राष्ट्रपति थे। सरकार परिवार द्वारा ट्रस्ट बनाने का इंतजार कर रही है और ट्रस्ट बनने के बाद जमीन आवंटित की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि सरकार स्मारक बनाने के लिए ट्रस्ट को 25 लाख रुपये देगी। मनमोहन सिंह को देश के आर्थिक उदारीकरण का जनक कहा जाता है। देश की अर्थव्यवस्था पर उन्होंने स्थायी प्रभाव छोड़ा था। वे 1991 में वित्त मंत्री थे, जब भारत में अभूतपूर्व सुधार हुए, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया के लिए खोला गया। मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहे। पिछले साल 26 दिसंबर को उनके निधन के बाद, कांग्रेस ने मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए उपयुक्त स्थान नहीं खोज पाने के लिए सरकार की आलोचना की थी। पलटवार करते हुए भाजपा ने कांग्रेस को याद दिलाया कि उसने कभी पीवी नरसिम्हा राव के लिए स्मारक नहीं बनवाया। सरकार ने दिल्ली के राजघाट परिसर में 'राष्ट्रीय समिति' परिसर में एक भूखंड चिह्नित किया है। इसकी जानकारी पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने एक ऑनलाइन पोस्ट में दी थी।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में वोटिंग आज, तीन लाख 70 हजार मतदाता चुनेंगे अपना विधायक

**लखनऊ, 04 फरवरी (एजेंसी)।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के 414 बूथों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां मंगलवार शाम तक पहुंच गईं। बुधवार को सुबह सात बजे से सभी बूथों पर मतदान शुरू हो जाएगा। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी समेत 10 उम्मीदवारों के भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएंगे। मतगणना आठ फरवरी को होगी। विधानसभा क्षेत्र को चार जोन में बांटकर सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। उपचुनाव में मतदान कराने के लिए मंगलवार सुबह नौ बजे से राजकीय इंटर कॉलेज में पोलिंग पार्टियों में शामिल पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय पहुंचने लगे। यहां पर बनाए गए अलग-अलग काउंटरों से सभी मतदान कार्मिकों ने ईवीएम, वीवीपैट और स्टेशनरी प्राप्त की। इसके बाद परिवहन विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए वाहनों से दोपहर में पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो गई। मतदान कार्मिकों के साथ ही बूथों पर तैनाती के लिए पुलिस फोर्स की भी रवानगी हुई। इस समूची प्रक्रिया पर जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह और सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी नजर रखे हुए थे। डीएम ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियों की रवानगी हो गई है। वैसे तो मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा लेकिन मतदाताओं की लाइन लंबी रही तो शाम पांच बजे तक बूथ पर मौजूद अंतिम वोटर तक को चुनाव आयोग की प्रक्रिया के अनुसार टोकन देकर मतदान कराया जाएगा। डीएम ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले जो युवा मतदाता, पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, वे खासतौर पर उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हों। बताया कि मतदान करने के लिए मतदाता पर्ची होने की बाध्यता नहीं है। अन्य विकल्पों का इस्तेमाल करके भी वोट डाला जा सकता है।

## ट्रिपल राइडिंग करके मोटर साइकिल पर जा रहे युवकों ने यातायात हैड कांस्टेबल को पांच सौ मीटर तक घसीटा

**मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)।** बुधवार की सुबह एक वीडियो वायरल हुआ। उक्त वीडियो शिवचौक का मंगलवार सुबह का वीडियो है। वीडियो में तीन युवक वाहन पर सवार होकर शिवचौक से अस्पताल चौराहे की ओर तेजी से जा रहे थे और उनके पीछे-पीछे यातायात पुलिस के हैड कांस्टेबल जामिन अली दौड़ते हुए मोटर साइकिल का कैरियर पकड़े हुए दिख रहे हैं। शिवचौक से शहर कोतवाली से चंद कदम पहले तक पुलिसकर्मी द्वारा तीनों युवकों को रोकने के प्रयास में वे सड़क पर गिर जाते हैं और थोड़ी दूर तक घिसड़ते हुए चले जाते हैं। यातायात प्रभारी इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि तीन युवक शिवचौक पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे तो जामिन अली द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया मगर उन्होंने मोटर साइकिल की गति और तेज कर ली तो जामिन अली उनके पीछे दौड़ पड़े। इसी बीच दौड़ते-दौड़ते वह



जमीन पर जा गिरे और उनके घुटने छिल गये। उनके घुटने में हादसे के दौरान सड़क की जबरदस्त रगड़ लगी हुई है, जिनका उपचार कराया जा रहा है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों युवकों की पहचान की जा रही है। यातायात प्रभारी का कहना है कि सम्भवतः उक्त युवकों के पास या तो उक्त बाइक चोरी की थी या वह किसी घटना को अंजाम देकर आए थे। युवकों की पकड़ होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## रामपुर तिराहा कांड में चश्मदीद गवाह ने की तीन आरोपियों की पहचान, दुष्कर्म की भी दी जानकारी

**मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)।** रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई की गयी। कोर्ट में सीबीआई ने चमौली जनपद के चश्मदीद गवाह को पेश किया। गवाह ने कोर्ट में ही तीन आरोपियों की पहचान की। उन्होंने बताया कि बस में चढ़कर पीएसी व पुलिस के जवानों ने महिलाओं से अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ व लूटपाट की थी। गवाह ने साफतौर पर महिलाओं से दुष्कर्म की बात को कोर्ट में बताया। कोर्ट में अभी गवाह के बयान जारी रखे गए हैं, जिसके चलते इसकी सुनवाई 21 फरवरी को नियत की गयी है। आपको बता दें कि 1 अक्टूबर 1994 की रात अलग राज्य की मांग को लेकर दिल्ली जा रहे उत्तराखण्ड के आन्दोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। मुलायम सिंह यादव के शासन में हुए इस घटनाक्रम में पुलिस ने आन्दोलनकारियों पर फायरिंग की थी, जिसमें सात आन्दोनकारियों को पुलिस की गोली लगने से अपनी जान गंवानी पड़ी थी। सिर्फ इतना ही नहीं आरोप थे कि पुलिसकर्मियों और पीएसी द्वारा बस में मौजूद महिलाओं से दुष्कर्म व छेड़छाड़ व मारपीट की गयी थी। इस मामले में सीबीआई की ओर से सात मुकदमे दर्ज कराए गए थे, जिसकी सुनवाई एडीजे द्वितीय पॉक्सो कोर्ट अंजनी कुमार की कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को उत्तराखण्ड संघर्ष समिति के अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीआई ने मौके के चश्मदीद गवाह को कोर्ट में पेश करने में सफलता हासिल की और गवाह ने खुलकर कोर्ट के सामने पूरा घटनाक्रम बयां किया, जिसमें महिलाओं से दुष्कर्म की बात कही गयी। गवाह ने कोर्ट में तीन आरोपी विरेन्द्र प्रताप सिंह, विजय पाल व विरेन्द्र कुमार की शिनाख्त की। कुछ आरोपियों के अभी भी पेश न होने के कारण पीड़िता के बयान जारी रखते हुए अगली तिथि 21 फरवरी नियत की है।

## मणिपुर में पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने 7 उग्रवादी गिरफ्तार किए

**इंफाल, 04 फरवरी (वार्ता)** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने सात संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कल मंत्रिपुखरी ठाकुरबारी, हीनगांग थाना के अतंर्गत पांच सक्रिय उग्रवादी संगठन के सदस्य गिरफ्तार किए गये तथा उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। एक और अन्य घटना में, थौबल जिले के यरीपोक थाना के अतंर्गत एक सक्रिय उग्रवादी संगठन के कैडर को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने सिंगजामेई थान के अंतर्गत सिंगजामेई थोकचोम लेईकाई से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया, जो जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। पुलिस ने बताया कि कल बिष्णुपुर जिले के फोगाकचाओ ममांग लेईकाई से एक एके-47 राइफल, एक भरी हुई मैगजीन, एक मोर्टार, एक एसएमजी कार्बाइन और दो खाली मैगजीन, एक नौ एमएम पिस्तौल, एक बिना डिटोनेटर वाला हथगोला, आईईडी विस्फोटक और 20 विस्फोटक जिलेटिन की छड़ें बरामद की गईं। एक अन्य घटना में पुलिस ने टेंग्नौपाल थाना के अंतर्गत दुथांग लाइचिंग ट्रैक के सामान्य क्षेत्र में सीओबी लारोंग से एक मैगजीन के साथ एक नौ एमएम पिस्तौल और एक एके-47 बरामद की।


## प्रयागराज में अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार के आरोप में उपनिरीक्षक निलंबित

**प्रयागराज,04 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के कर्नलगंज क्षेत्र के नाका प्रभारी को अधिवक्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के कारण मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नाका पुलिस चौकी प्रभारी अतुल कुमार सिह ने हिंदू हास्टल चौराहे पर वीवीआईपी फ्लीट निकलने के दौरा अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया जिस कारण चौराहे पर जाम की स्थित उत्पन्न हो गयी और पुलिस की छवि धूमिल हुई। पुलिस आयुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज की रिपोर्ट पर पुलिस उप निरीक्षक अतुल कुमार सिह निलंबित किया गया। उन्हें पुलिस लाइन्स से सम्बद्ध किया गया है।

## प्रियंका हत्याकांड में परिजनों को 2 हफ्तों में ही मिला न्याय, तीसरे हत्यारे को भी दो गोली मारकर दबोचा

**बुढ़ाना, 04 फरवरी (बु.)।** जिस युवती का किडनेप, रेप व हत्या हुई उस केस का खुलासा बुढ़ाना पुलिस ने 2 हफ्तों में करते हुए तीनों हत्यारों को जेल भेज दिया। तीसरा हत्यारा आज मंगलवार की प्रथम रात्रि में बुढ़ाना पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी की टांगों में 2 गोली लगी हैं, क्योंकि वह पुलिस टीम के समक्ष आत्मसमर्पण करने के बजाए पुलिस पर ही गोली चला बैठा, ताकि वो भाग सके, लेकिन सीओ गजेंद्र पाल सिह के नेतृत्व में बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र उसको कहां भागने का मौका देते। आरोपी दीपक निवासी गांव मंढियाई मेरठ है। इससे पूर्व इस मामले में शामिल 2 बदमाशों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। पूरा मामला ये था कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआना निवासी प्रियंका पाल का उसके जीजा आशीष निवासी मेरठ ने ही अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रेम प्रसंग के चलते बीते 21 जनवरी को बुढ़ाना क्षेत्र से अपहरण कर लिया था। उसे तमंचों के बल पर मेरठ क्षेत्र के जंगल में ले जाकर पहले तो तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। फिर उसकी हत्या कर उसके शव को जला दिया। पुलिस को पता लगा, तो उन्होंने जीजा आशीष को पकड़ लिया, तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने आशीष की निशानदेही पर प्रियंका के शव के कुछ अवशेष बरामद कर लिए। उसके बाद पुलिस ने अन्य एक आरोपी शुभम निवासी मेरठ को कल व दूजे आरोपी को आज गोली मारकर एक मुठभेड़ के चलते पकड़ लिया। केस का सही खुलासा होने पर मृतका प्रियंका के परिजन खुश है।

# संसद में पीएम मोदी ने देश को बताई '3डी' की ताकत



**नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)।** बजट सत्र 2025 का आज चौथा दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दें रहे हैं। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब दिया। सदन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि, मैं आज जनता जनार्दन का भी बड़े आदर के साथ आभार व्यक्त करना चाहता हूं। देश की जनता ने 14वीं बार जवाब देने का मौका दिया है। सदन में जिन जिन लोगों ने हिस्सा लिया मैं उन सबका आभार व्यक्त करता हूं।

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि सदन में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की बातें हुईं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 21वीं सदी का 25 फीसदी हिस्सा बीत चुका है। राष्ट्रपति ने देश के सामने भविष्य के 25 साल की बात रखी। एक प्रकार से आदरणीय राष्ट्रपति जी का ये उद्बोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला है, नया विश्वास पैदा करने वाला है और जन-सामान्य को प्रेरित करने वाला है। पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। हम लोगों ने पांच-पांच दशक तक गरीबी हटाओ के नारे सुने। हमने गरीब को झूठे नारे नहीं दिए, सच्चा विकास दिया। हम जमीन से जुड़कर काम करते हैं, तो बदलाव होते ही हैं। अब तक गरीबों को चार करोड़ घर मिले हैं, जिन लोगों ने वो जिंदगी जी है वो जानते हैं कि पक्की छत मिलने का क्या मतलब होता है। आजादी के 75 साल के बाद देश में 16 करोड़ से ज्यादा घरों में नल का कनेक्शन नहीं था। हमारी सरकार ने 5 साल में 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल-से-जल देने का काम किया है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि- जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराकर सुर्खियां बटोरते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। पीएम ने कहा- समस्या की पहचान करके छूट नहीं सकते, समस्या का समाधान भी करना होता है। हमारा प्रयास समस्या के समाधान का रहता है और हम समर्पित भाव से प्रयास करते हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा - कुछ लोगों का फोकस आलीशान घरों में जकूजी और शॉवर पर है। पीएम ने कहा कि कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है। हमारा फोकस तो हर घर नल से जल पहुंचाने पर है। 12 करोड़ लोगों को नल से जल दिया, हमारा फोकस गरीबों के घर बनाने पर है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया जाता था, न जाने क्या-क्या कहा जाता था। इस अभियान के तहत कबाड़ बेचकर दो हजार 300 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया है। पीएम मोदी ने कहा- लेकिन पहले अखबारों की हैडिंग होती थी। इतने लाख के घोटाले, 10 साल हो गए ये घोटाले न होने से भी लाखों करोड़ रुपए बचे हैं। जो जनता की सेवा में लगे।

# भूटान नरेश संग सीएम आदित्यनाथ योगी ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज, 04 फरवरी (एजेंसी)।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भूटान नरेश संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन के लिए गए। दोनों नेताओं ने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया। सदी के सबसे बड़े आयोजन 'महाकुंभ 2025' में स्नान के लिए पूरी दुनिया लालायित है। इसी क्रम में भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने प्रयागराज पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें त्रिवेणी संगम पर विधिवत स्नान और पूजा-अर्चना कराई। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही थिम्फू से लखनऊ पहुंचे थे, जहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। संगम में स्नान-ध्यान के बाद भूटान नरेश और मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुंभ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुंभ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे पाकिस्तानी, नरेन्द्र मोदी सरकार ने दिया वीजा

**अमृतसर, 04 फरवरी (एजेंसी)।** पाकिस्तान में करीब 20 लाख हिंदू रहते हैं। उन्होंने भारत सरकार से अपने प्रियजनों की अस्थियों को प्रवाहित करने की आज्ञा मांगी थी। इसके तहत 2022 में पाकिस्तानी हिंदू परिवारों को गंगा में अस्थियां प्रवाहित करने के लिए स्पांसरशिप पॉलिसी लागू की गई थी। इस बार 480 हिंदुओं की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने के लिए लाई गई हैं। प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। देश विदेश से करोड़ों लोग गंगा में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब पाकिस्तानी भी कुंभ में स्नान करेंगे। कराची स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के मुख्य सेवक महंत श्री राम नाथ महाराज सोमवार को अटारी सीमा से भारत पहुंचे। महंत रामनाथ पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में मृत्यु को प्राप्त हुए 480 हिंदुओं की अस्थियां मोक्ष प्राप्ति के लिए भारत लेकर आए हैं। महंत ने बताया कि वह अस्थियों को हरिद्वार में विधि विधान से विसर्जित करने के बाद प्रयागराज में कुंभ स्नान भी करेंगे। इन अस्थियों को गंगाजी में बहाने के लिए मंदिर अथव श्मशानघाट में कलश में सुरक्षित रखा गया था। संबंधित परिवारों की इच्छा थी कि इन अस्थियों को गंगा में प्रवाहित किया जाए ताकि सभी की आत्मा को शांति मिले। भारत सरकार की तरफ से इस कार्य के लिए दो साल पहले ही अनुमति दे दी

## गैलेक्सी अस्पताल के डॉक्टर पर बिना डिग्री महिला का ऑपरेशन करने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)।** लद्दावाला के रहने वाले अमजद सैफी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी पत्नी लीवर एबसेस से पीड़ित थी, जिसे उनके द्वारा घास मण्डी स्थित गैलेक्सी अस्पताल के डॉक्टर अम्मार हुसैन के यहां दिखाया गया था, जहां डॉक्टर की तय शर्तों पर दो लाख रुपये लेकर उक्त ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद उसकी पत्नी की हालत बिगड़ गयी, जिस कारण उसे तुरन्त दूसरे हॉस्पिटल में ले जाना पड़ा। जांच के बाद पता चला कि डॉक्टर अम्मार हुसैन और ऑपरेशन करने वाले उसके दूसरे साथियों के पास कोई डिग्री ही नहीं है। उसने फर्जी डिग्री व अनुभव के आधार पर ही अपना हॉस्पिटल खोला हुआ है। यह शिकायत लेकर पीड़ित अमजद सैफी जिलाधिकारी के पास पहुंचा और पूरे मामले की जांच की मांग की। पीड़ित का कहना है कि उसने सीएमओ ऑफिस में भी इसकी शिकायत कर रखी और इस मामले की पूरी वीडियो भी सीएमओ को दी गयी थी, मगर अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा इस मामले में नहीं की गयी। पीड़ित के जिलाधिकारी के पास पहुंचने के बाद अब पीड़ित को जांच का आश्वासन सीएमओ द्वारा दिया गया है।



पीड़ित







सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया

# आईएएस और आईपीएस समेत 12 आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी

**अजमेर, 04 फरवरी (एजेंसी)।** अजमेर की कोर्ट ने आईएएस गिरधर कुमार और आईपीएस सुशील बिश्नोई, तहसीलदार, पुलिसकर्मी और पटवारी समेत 12 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन पर जयपुर रोड स्थित मकराना राज होटल में रात को सो रहे कर्मचारियों को डंडों और रॉड से पीटने का आरोप है। कोर्ट ने गेगल थाने की ओर से लगाई गई एफआर को ही नामंजूर कर दिया। साथ ही अजमेर एसपी को निर्देश दिए हैं कि आरोपियों को वारंट तामील करवाए। साथ ही कोर्ट ने केस डायरी भी तलब की है। वहीं हर सोमवार को केस से जुड़ी रिपोर्ट भी पेश करने के निर्देश एसपी को दिए हैं। यह मामला 11 जून, 2023 की रात 2 बजे के करीब का है। इस मारपीट का सीसीटीवी वीडियो होटल मालिक ने एफआईआर के साथ पुलिस को दिया था।

अजमेर की सिविल कोर्ट संख्या प्रथम ने मकराना राज होटल में हुई मारपीट प्रकरण में गेगल थाने की ओर से लगाई गई एफआर को नामंजूर कर दिया। कोर्ट ने प्रकरण में संज्ञान लेते हुए प्रकरण से संबंधित सभी 12 आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी करते हुए अजमेर एसपी को मुकदमे से संबंधित रिपोर्ट हर सोमवार को पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि पुलिस जांच में आरोपियों ने सहयोग नहीं किया। लिहाजा मामले में हस्तक्षेप किया जाना न्यायोचित और न्यायसंगत लगता है। बता दें कि प्रकरण में आईएएस और आईपीएस के शामिल होने के बाद भी स्थानीय प्रशासन ने राज्य सरकार को मामले के बारे में नहीं बताया। बाद में तत्कालीन चीफ सेक्रेटरी उषा शर्मा की नाराजगी के बाद आईएएस गिरधर और आईपीएस सुशील विश्नोई को सस्पेंड किया गया था। वहीं सीसीटीवी फुटेज में मारपीट कर रहे अधिकारी और कार्मिकों की पुष्टि होने के बाद भी तत्कालीन अजमेर एसपी ने केवल एएसआई सहित तीन पुलिसकर्मियों को ही पुलिस लाइन भेजा था। कोर्ट ने इन 12 आरोपियों के खिलाफ जारी किया वारंटः मामले में कोर्ट ने आईएएस गिरधर कुमार, आईपीएस सुशील कुमार बिश्नोई, कनिष्ठ सहायक हनुमान चौधरी, कांस्टेबल मुकेश चौधरी, मुकेश यादव, तत्कालीन गेगल थाना एएसआई रुपाराम, तत्कालीन गेगल थाना प्रभारी सुनील, कांस्टेबल गौतमाराम, मुकेश यादव, तहसीलदार रामधन गुर्जर और सुरेंद्र के खिलाफ वारंटी जारी किया गया है। प्रकरण में होटल मालिक ने गेगल थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने प्रकरण में पांच की गिरफ्तारी दिखाई। उसमें भी 5 आरोपियों को थाने के बाहर हंगामा करते हुए दिखाया गया। गेगल थाना पुलिस के तत्कालीन थाना प्रभारी और अजमेर पुलिस के आला अधिकारी प्रकरण में मौजूद अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाए। बाद में मामला सुर्खियों में आने के बाद प्रकरण में अन्य धाराएं जोड़ी गई।

## पाकिस्तान से 400 हिंदुओं की अस्थियां लाई गई भारत, सीता घाट पर होगा विसर्जन

**अमृतसर, 04 फरवरी (एजेंसी)।** पाकिस्तान से लगभग 400 हिंदुओं की अस्थियां लेकर एक समूह भारत आया है। ये लोग इन अस्थियों को हरिद्वार में गंगा नदी में विसर्जित करना चाहते हैं। साथ ही महाकुंभ में प्रयागराज जाकर पवित्र स्नान करने की भी इच्छा रखते हैं। यह तीसरी बार है जब विभाजन के बाद पाकिस्तान से हिंदुओं की अस्थियां भारत लाई गई हैं। पहले 2011 और 2016 में भी अस्थियां लाई जा चुकी हैं। यह समूह सोमवार को अटारी बॉर्डर पहुंचा। दिल्ली के निगम बोध घाट पर 4 से 21 फरवरी तक अस्थियां रखी जाएंगी। 22 फरवरी को हरिद्वार के कनखल में सीता घाट पर विसर्जन होगा। इसके साथ 100 किलो दूध की आहुति भी दी जाएगी।

पाकिस्तान से आए हिंदू समूह के पास लखनऊ और हरिद्वार जाने का वीजा है। वे प्रयागराज जाने के लिए वीजा एक्सटेंशन की उम्मीद कर रहे हैं ताकि महाकुंभ में पवित्र स्नान कर सकें। कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत राम नाथ मिश्र महाराज ने बताया कि पाकिस्तान में कई हिंदुओं की इच्छा होती है कि उनकी मृत्यु के बाद उनकी अस्थियां गंगा में विसर्जित की जाएं। उनके परिजन उनकी यह अंतिम इच्छा पूरी करना चाहते हैं। ऐसे में अस्थियों को मंदिरों में कलश में सुरक्षित रखा जाता है। जब पर्याप्त संख्या में कलश इकट्ठे हो जाते हैं, तो भारत का वीजा लेने का प्रयास किया जाता है। इस तरह मृतक या उनके परिवार की अंतिम इच्छा पूरी होती है। राम नाथ मिश्र ने बताया कि वे लगभग 400 कलश लेकर आए हैं। ये अस्थियां पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों से एकत्रित की गई हैं। दिल्ली की श्री देवोथान सेवा समिति के महासचिव विजय शर्मा और अन्य लोग अटारी बॉर्डर पर अस्थियां लेने पहुंचे थे।

## ऊना अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**शिमला, 04 फरवरी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के जिला मुख्यालय में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में बुधवार सुबह गायनी वार्ड में अचानक आग लग गई। गायनी वार्ड के दो कमरों के बीच स्थापित बिजली के कंट्रोल पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण पूरा वार्ड धुएं से भर गया। घटना के समय वार्ड में तीन दर्जन से अधिक गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु और प्रसूताएं मौजूद थीं। अस्पताल में तैनात होमगार्ड जवानों और नर्सिंग स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला और हाईटेक इमरजेंसी के पीछे स्थित दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पाने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार यह आग क्षेत्रीय अस्पताल के गायनी वार्ड के दो कमरों के बीच बने बिजली के कंट्रोल पैनल में शॉर्ट सर्किट से लगी।